29.08.2022

सूरीनाम के राष्ट्रपति, महामहिम श्री चंद्रिका परसाद संतोखी द्वारा आयोजित रात्रि भोज में माननीय अध्यक्ष महोदय का संबोधन

महामहिम, प्रकृति की गोद में बसे खूबसूरत देश सूरीनाम के इस ऐतिहासिक शहर पारामारिबो में भारत के संसदीय शिष्टमंडल के साथ आकर महामहिम तथा सूरीनाम के अन्य विशिष्ट जनों से मिलना मेरे लिए बड़े ही गौरव की बात है। यहां जो आत्मीय स्नेह और सम्मान हमें मिला है, उसके लिए मैं आपका और सूरीनाम की मित्रवत जनता का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं।

महामहिम, भारत और सूरीनाम के बीच गहरा रिश्ता है। आज से लगभग डेढ़ सौ साल पहले, बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोगों ने बेहतर आजीविका और आर्थिक अवसरों की तलाश में हजारों मील दूर सूरीनाम में प्रवास किया था।

आज हिन्दुस्तानी समुदाय सूरीनाम के ताने-बाने का एक सुंदर और अटूट हिस्सा है। महामहिम, हमारे लिए यह गर्व की बात है कि आप सूरीनाम में उसी विरासत का प्रतिनिधित्व करते हैं।

महामहिम, सूरीनाम के इस सर्वोच्च संवैधानिक पद का दायित्व संभालने से पहले भी पुलिस प्रमुख और न्याय मंत्री के रूप में जनसेवा का आपका विशद अनुभव है।

तभी एक बार आपने स्वयं कहा था कि "शांति और न्याय"- ये दो शब्द आपके जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और इसकी प्रेरणा आपको हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन मूल्यों से मिली है।

महामहिम, मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपके कुशल नेतृत्व में सूरीनाम सर्व समावेशी विकास के सिद्धांतों पर चलते हुए प्रगति के नए आयाम स्थापित करेगा। मैं अपने शिष्टमंडल के सभी

साथियों की ओर से और भारत की समस्त जनता की ओर से आपको अच्छे स्वास्थ्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं और सूरीनाम की जनता की खुशहाली और समृद्धि की कामना करता हूं।

धन्यवाद!!